पंजाब केसरी 26/01/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने चलाया जागरुकता अभियान

अम्बाला, 25 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में वीरवार को मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा एक जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस दिवस की जानकारी कैडेट्स को देते हुए बताया कि वोटर्स-डे की शुरुआत साल 2011 में हुई थी। इसको तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने पहली बार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया था और तबसे यह दिन हर साल मनाया जाने लगा।

सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि जागरुकता के लिए कैडेट्स को गांव में जाकर लोगों को 18 वर्ष के व्यक्तियों को अपना वोटर कार्ड बनवाने और मतदान केंद्रों पर जाकर मत देने को कहा गया। इस मौके पर 25 कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिय

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में जागरुकता अभियान चलातीं एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की कैडेट्स। (देवदत्त)